भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2724

(02 अगस्त, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए)

पेंशन राशि में वृद्धि

2724. श्री धर्मेन्द्र कश्यपः

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का वृद्धावस्था पेंशन , दिव्यांगजन पेंशन और निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों को दी जाने वाली राशि में कोई वृद्धि करने का विचार है;

(ख) पंजीकृत पेंशनभोगियों का उत्तर प्रदेश राज्य सहित राज्य -वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सभी राज्यों में पेशन की राशि एक समान है ?

उत्तर

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क) राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) की पेंशन योजनाओं के अंतर्गत वृद्धों , दिव्यांगों और विधवा लाभार्थियों को दी जा रही पेंशन राशि में वृद्धि का कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि, राज्यों /संघ राज्य क्षेत्रों को एनएसएपी के अंतर्गत केंद्रीय सहायता के अलावा टॉप-अप प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। वर्तमान में यह राशि प्रति लाभार्थी 50 रुपये से 3300 रुपये प्रति माह है।

(ख) वर्तमान वर्ष में उत्तर प्रदेश सहित एनएसएपी की पेंशन योजनाओं के अंतर्गत राज्य / संघ राज्य क्षेत्र-वार लाभार्थियों की संख्या अनुबंध में दी गई है।

(ग) एनएसएपी की पेंशन योजनाओं के अंतर्गत केंद्रीय सहायता राशि सभी राज्यों /संघ राज्य क्षेत्रों में एक समान है। तथापि , राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र केंद्रीय सहायता के अलावा 50 रुपये से लेकर 3300 रुपये प्रति माह तक के विभिन्न टॉप-अप एनएसएपी के अंतर्गत प्रदान करते हैं।

लोक सभा में दिनांक 02.08.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतरांकित प्रश्न संख्या 2724 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

वर्तमान वर्ष के लिए एनएसएपी की पेंशन योजनाओं के तहत लाभार्थियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	कुल पेंशन लाभार्थियों की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	932661
2	बिहार	3757323
3	छत्तीसगढ़	874907
4	गोवा	13597
5	गुजरात	832638
6	हरियाणा	327269
7	हिमाचल प्रदेश	116005
8	झारखंड	1286845
9	कर्नाटक	1396274
10	केरल	688329
11	मध्य प्रदेश	2205963
12	महाराष्ट्र	1208399
13	ओडिशा	2037955
14	पंजाब	138231
15	राजस्थान	1135202
16	तमिलनाडु	1866209
17	तेलंगाना	666553
18	**उत्तर प्रदेश**	**5519621**
19	उत्तराखंड	231335
20	पश्चिम बंगाल	2121203
पूर्वोत्तर राज्य		
21	अरुणाचल प्रदेश	6294
22	असम	843932
23	मणिपुर	62974
24	मेघालय	65654
25	मिजोरम	27407

26	नागालैंड	49210
27	सिक्किम	18849
28	त्रिपुरा	143149
		संघ राज्य क्षेत्र
29	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	592
30	चंडीगढ़	4964
31	दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव	11076
32	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	152271
33	जम्मू और कश्मीर	139859
34	लद्दाख	7148
35	लक्षद्वीप	297
36	पुदुचेरी	28757
	कुल	**2,89,18,952**